डीएम ने दीप प्रज्वलित कर टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के शैक्षणिक सत्र का किया शुभारंभ

बेगूसराय(आससे)। प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, बिशुनपुर, बेगूसराय में आज डी.एल.एड. (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) शैक्षणिक सत्र २०२६-२८ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला पदाधिकारी, बेगूसराय रिची पांडेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शिक्षक शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के निर्माण में प्रशिक्षित एवं योग्य शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से भावी शिक्षकों में शिक्षण कौशल, अनुशासन, रचनात्मकता एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों की आकर्षक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण बना रहा। शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के साथ ही महाविद्यालय में आगामी शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री मनोज कुमार, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सहित अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

चौक-चौराहों पर एमएलसी चुनाव में जीत-हार की चर्चा शुरू

छौड़ाही(आससे)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए छौड़ाही में मतदान संपन्न होते ही सियासी सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। प्रखंड मुख्यालय में बनाए गए दो बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान के साथ ही प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटी में कैद हो गया है। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार इस चुनाव की मतगणना २७ अक्टूबर को होगी और उसी दिन तय हो जाएगा कि विधान परिषद की कुर्सी पर कौन काबिज होगा। मतगणना की तिथि सामने आते ही प्रत्याशियों के खेमों में बेचौनी बढ़ गई है। मालूम हो कि छौड़ाही प्रखंड मुख्यालय में बनाए गए दो बूथों पर कुल ६०२ मतदाता सूचीबद्ध थे, जिनमें से ५८३ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, कुल मतदान ६४.६३ प्रतिशत रहा। बूथ संख्या ८८ जो शिक्षक निर्वाचन के लिए आरक्षित था वहां ४१ में से ३६ यानी ६५.१२ प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला, वहीं बूथ संख्या ८१ स्नातक निर्वाचन के लिए था जहां ८६१ में से ५४४ यानी ६३.१८ प्रतिशत मतदान हुआ।

एमएलसी का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

स्नातक क्षेत्र में ५४ प्रतिशत से अधिक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में हुई बंपर वोटिंग

बेगूसराय(आससे)। स्नातक-शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव शांति पूर्ण सम्पन्न होने से जहां प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली। वहीं स्नातक क्षेत्र में मतदान की प्रतिशत कम होने से चुनाव लड़ रहे जिले के प्रत्याशियों की धड़कने तेज हो गयी है। खबर के अनुसार स्नातक क्षेत्र में करीब प्रतिशत से अधिक वहीं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में साढ़े ९० प्रतिशत चुनाव होने की सूचना है। जिले के तीन नेता स्नातक क्षेत्र से भाग्य आजमा रहे थे। उनमें भाजपा के सर्वेश कुमार, कांग्रेस के रजनीकांत पाठक एवं आजाद उम्मीदवार तेघरा के अधिवक्ता शशीभूषण भारद्वाज तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज के डॉ. सुरेश प्रसाद राय तथा केंद्रीय विद्यालय के संतोष कुमार ईश्वर चुनाव मैदान में डटे हुए है। इनके राजनीतिक भविष्य का फैसला २७ अक्टूबर को मतो की गणना के बाद तय हो जायेगा। बेगूसराय जिले में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल २६ मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां कुल २६,२०५ मतदाता पंजीकृत थे। खबर लिखे जाने तक ५४.११ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुछ मतदान केंद्रों पर अभी भी मतदाता लाइन में लगे है, जहां मतदान की प्रक्रिया जारी है। वहीं, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिले में कुल २० मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां पंजीकृत २,०४७ मतदाताओं में ९०.४७ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रक्रिया के दौरान सतत निगरानी रखते हुए निर्वाचन से संबंधित व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखा गया। बतादे कि दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों का पिछला द्विवार्षिक चुनाव वर्ष २०२० में हुआ था। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस के डॉ. मदन मोहन झा ने ६८६ मतों से जीत दर्ज की थी। उन्हें ५,०११ मत मिले थे, जबकि कोटा ४,३२२ था। उस चुनाव में कुल १३ उम्मीदवार मैदान में थे। भाजपा के सुरेश प्रसाद राय २,९१७ मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार सर्वेश कुमार विजयी हुए थे। उन्हें कुल १५,५९५ मत मिले थे। जदयू के डॉ. दिलीप कुमार चौधरी ११,६७६ मतों के साथ दूसरे और राजद के अनिल कुमार झा ६,३५६ मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। इस चुनाव में कुल १६ उम्मीदवार मैदान में थे। सर्वेश कुमार इस बार एनडीए के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

मालदा मंडल के भागलपुर स्टेशन में पार्किंग लॉट के संचालन के लिए उपार्जन संविदाएं प्रदान करना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा मंडल, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प. बं.) (नीलामी संचालन अधिकारी) ने मालदा मंडल के तहत भागलपुर (बीजीपी) रेलवे स्टेशन में पार्किंग लॉट के संचालन हेतु **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किया है। **नीलामी सूचीपत्र सं.: पार्किंग-22-2026। नीलामी शुरूः** 02.11.2026 को 11.00 बजे। **लॉट नं.:** पार्किंग-एमएलडीटी-बीजीपी-एमएक्स-55-26-3। **स्टेशनः** भागलपुर (बीजीपी)। आगे के विवरण के लिए प्रत्याशित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। (MLD-231/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

एडमिन यूनिट/जोनः सियालदह मंडल-वाणिज्यिक, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700 014, **ऑक्शन कैटलॉग सं.:** एसडीएएच-पार्सल-69, **नीलामी करने वाले अधिकारीः** वरिष्ठ डीसीएम। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 09.11.2026 को 12.00 बजे। **नीलामी की अंतिम तिथि/समयः** 09.11.2026 को 14.00 बजे। **लगातार लॉट का समापन अंतराल :** 10 मिनट। **विवरणः** एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट) [क्रम सं. एए/1 से एए/9 के लिए] और पार्सल वैन में पार्सल जगह [क्रम सं. एबी/1 के लिए]। **क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, ट्रिप/दिन, अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1,** 13163-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एसएचसी-26-1 (पार्सल-एसएलआर), 783, 09.11.2026 को 12.30 बजे, **एए/2,** 12317-एसएलआर-एफ1-केओएए-एएसआर-26-1(पार्सल-एसएलआर), 313, 09.11.2026 को 12.40 बजे, **एए/3,** 13157-एसएलआर-एफ1-केओएए-एमएफपी-26-1 (पार्सल-एसएलआर), 156, 09.11.2026 को 12.50 बजे, **एए/4,** 22587-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-बीएनआरएस-26-2 (पार्सल-एसएलआर), 470, 09.11.2026 को 13.00 बजे, **एए/5,** 12357-एसएलआर-एफ1-केओएए-एएसआर-26-1, (पार्सल-एसएलआर) 313, 09.11.2026 को 13.10 बजे, **एए/6,** 22317-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-जेएटी-26-1, (पार्सल-एसएलआर), 156, 09.11.2026 को 13.20 बजे, **एए/7,** 12259-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-बीकेएन-26-1, (पार्सल-एसएलआर), 626, 09.11.2026 को 13.30 बजे, **एए/8,** 12363-एसएलआर-एफ1-केओएए-एचडीबी-26-1, (पार्सल-एसएलआर), 470, 09.11.2026 को 13.40 बजे, **एए/9,** 12496-एसएलआर-एफ1-केओएए-बीकेएन-26-1, (पार्सल-एसएलआर), 157, 09.11.2026 को 13.50 बजे, **एबी/1,** 13151-13152-वीपी-1-केओएए-जेएटी-26-3 (पार्सल-पार्सल वैन), 940, 09.11.2026 को 14.00 बजे, **रेट यूनिटः** प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क [क्रम सं. एए/1 से एए/9 के लिए] और प्रति राउंड ट्रिप (दो तरफा) [क्रम सं. एबी/1 के लिए]। **ईएमडी :** 10 ट्रिप का बोली मूल्य (न्यूनतम 5 लाख) [क्रम सं. एए/1 से एए/9 के लिए] और 5 राउंड ट्रिप का बोली मूल्य (न्यूनतम 10 लाख) [क्रम सं. एबी/1 के लिए]। SDAH-273/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

स्कूली बच्चों को सड़क दुर्घटना से बचाव की दी गयी जानकारी

भगवानपुर(आससे)। सुरक्षित शनिवार के तहत प्रखंड के मिडिल स्कूल मेहदौली, कन्या महेशपुर, अतरुआ सहित अन्य स्कूलों में बच्चों को सड़क दुर्घटना के बारे में जानकारी दी गई। चेतना सत्र के दौरान फोकल शिक्षक ने बच्चों को सड़क पार करते समय दोनों तरफ देख कर सावधानीपूर्वक सड़क पार करने के संदर्भ में सावधानी बरतने के बारे में विस्तृत रूप से जागरूक किया। सड़क पर तेज रफ्तार से चल रही वाहनों से दुर्घटना होने से आप कैसे बच सकते हैं, उसकी भी जानकारी दी। वहीं सड़क पार करते समय जहां भी रेड लाइट हो रुक जाने, पीली बत्ती जलने पर अलर्ट हो जाने एवं हरा बत्ती जलने पर सड़क पार करने का टिप्स दिया।

वर्गीकृत

शपथ पत्र

मैं,सुबित कुमार गुप्ता, पिता मनु गुप्ता ग्राम-मराछी पो.-सेमरीया, थाना-नवतन जिला-सिवान बिहार उदघोषणा करता हूं कि शपथकर्ता के ड्राइवरी लाईसेंस में पिता नाम गलत हो गया है। मनु गुप्ता के जगह मनोज गुप्ता हो गया है, जबकि शपथकर्ता के पिता के सही नाम मनु गुप्ता है।

9/484/26

AFFIDAVIT

I, SONU KUMAR, (E&isting name as per service records) son of Mahesh Chaudhari R/o Village Baligarh, P.O.+ P.S.-Runnisaidpur, Dist.-Sitamarhi have changed my Name from SONU CHAUDHARY (Existing Name of Son/ daughter as per as per Service reocrd to SONU KUMAR (proposed/adopted New Name) Affidavit Number and date 4223/01/09/2026.

AFFIDAVIT

I, Kumari Neelu Rani, D/o Nagendra Chaudhary, W/o-Mahesh Chaudhari is legally wedded spouse of Mahesh Chaudhari presently residing at Village Baligarh, P.O.+ P.S.-Runnisaidpur, Dist.- Sitamarhi. That my date of birth has erroneously been recorded in pension records of my spouse as 20/04/1984 (DOB). That my correct date of birth is 15/03/1983. Affidavit number 4221/2026.

Affidavit

I, Ehteshamul Haque Hashmi, aged about 55 years, son of Late Syed Anwarul Haque, resident of vill.+P.O.+P.S.-Daudpur, District-Saran, Bihar-841205, do hereby solemnly affirm and declare as follows :- 1. That Safa Hashmi is my daughter. 2. That in her Aadhar card her name has been wrongly mentioned as SAF A ENTESHAM. 3. That my daughter correct name is Safa Hashmi. 4. That now my daughter will known as Safa Hashmi for all purposes.vide aff. No.-5466 dated 23.10.26

CM-935

AFFIDAVIT

I, Kumari Neelu Rani is legal daughter of Nagendra Chaudhary, W/o Mahesh Chaudhari, residing at Village-Baligarh, PO + PS-Runnisaidpur, Dist. Sitamarhi. That, I have changed my Name from Neeloo Rani Devi to Kumari Neelu Rani (Proposed New Name of wife) due to (reason for change. That both names Neelu Rani Devi (old name) and Kumari Neelu Rani (Proposed new name) pertain to one and the same person. That my date of birth is vz/®x/v~}x. Affidavit numberywww/ w®w{.

Change Name

I, Priyes Kumar S/o Bikesh Verma R/o E-3, C.D.A. Colony, North Shastri Nagar, P.O.-L.B.S. Nagar, Distt.-Patna (Bihar) 800023 vide Affidavit No. 80 date 24.10.26. Now I will be known as Priyes Verma for all purposes.

CM-933

Affidavit

I, Sushant Raj S/o Saroj Kumar R/o Musadpur, Choti Pahari, Sohsarai P.O.-Biharsarif Distt.-Nalanda-803101 (Bihar) vide Affidavit No.-18946 date 23.10.26 declare that in my Policy Generali Central Life Insurance Co. Ltd. Policy No. (00843846) my date of Birth 2.11.1999 and my name is mentioned as Saurabh Kumar which is wrong. That my Actual name Sushant Raj and date of birth is 29.12.1999 Acording to my Aadhar and Pan.

CM-930

AFFIDAVIT

I, MOHAMMAD PERWEZ ALAM son of M FAROOQUE ALAM residing at Bhagbati Cold Stores Mahalper Biharsharif, Nalanda, Bihar- 803101 have changed the name of my minor daughter ESHIKA PARWEEN aged 15 years and she shall hereafter be known as **HEZAL ARZEN**

शपथ पत्र

मैं, गौतम कुमार पिता रणजीत सिंह ग्राम रतनुआ पोस्ट बिजौली थाना एवं जिला औरंगाबाद बिहार शपथ पूर्वक निम्न तथ्यों का बयान करता हूं कि उपरोक्त पतों का मैं अस्थाई निवासी हूं। यह की सृष्टि सिंह मेरी पुत्री है। यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र एवं विद्यालय नामांकन पंजी में नाम सृष्टि सिंह एवं जन्म तिथि 25/07/2020 अंकित है,जो सही है, जबकि उसके आधार कार्ड नंबर-699683047163 में भूलवश उसके नाम पिहु सिंह एवं जन्मतिथि 25/07/ 2018 अंकित हो गया है, जो गलत है। शपथ पत्र संख्या-29235 तिथि 6/10/2026 है।

शपथ पत्र

मैं, बलिस्टर राय (BALISTAR RAI) पिता-रामलोचन राय ग्राम वो पोस्ट-सेरूकहां, थाना-मशरख, जिला-सारण, शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे नाम से निर्गत आधार कार्ड सं.-4029 5756 3546 एवं पैन कार्ड मे मेरा नाम BALISTAR RAI एवं जन्मतिथि 1-1-1952 दर्ज हैं, जो सही हैं, जबकि टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी संख्या सी202957524 जो मेरे नाम से हैं उसमे मेरा नाम BAIRISTER RAY एवं जन्म तिथि 4-8-1969 दर्ज है जो गलत है। शपथ पत्र संख्या-24736/15-9-26

9/509/26

शपथ पत्र

मैं, बेबी तिवारी पति रविन्द्र कुमार तिवारी साकिन हंसापीर जिला छपरा सारण पिन 841417, शपथ पूर्वक बयांन करती हूं कि मेरे आधार नं- 8987 0282 7114 एवं एसबीआइ, का ज्वाइन्ट खाता सं.-20116514698 जो मेरे पति रविन्द्र कुमार तिवारी एवं मैं शपथकर्ता के नाम से है, उसमे मेरा नाम बेबी तिवारी अंकित है, जबकि मेरे नाम की पॉलिसी नं.-539718136 में मेरा नाम आरती देवी अंकित हैं, बेबी तिवारी एवं आरती देवी दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है, मैं इन दोनों नाम से जानी-पहचानी जाती हूं।

9/509/26

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

रवि महोत्सव में कृषि वैज्ञानिकों ने दी अधिक पैदावार को ले महत्वपूर्ण जानकारी

छौड़ाही (आससे)। आदर्श प्रखंड परिसर स्थित ई-किसान भवन सभागार में शनिवार को रवि महोत्सव सह किसान चौपाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य रवि मौसम में किसानों को उन्नत और वैज्ञानिक तकनीक से खेती करने के लिए जागरूक करना था। सभागार में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से पहुंचे किसानों की अच्छी-खासी भीड़ जुटी थी। कार्यक्रम में कृषि समन्वयक विवेक कुमार, मनोज कुमार और प्रभाकर कुमार ने बारी-बारी से किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रवि फसल का समय आ गया है, ऐसे में किसानों को निर्धारित समय पर ही गेहूं, सरसों, मसूर, चना और मटर जैसे फसलों की बुवाई करनी चाहिए। समय से बुवाई करने पर फसल का उत्पादन बेहतर होता है। सहुरी पंचायत के मुखिया रामसेवक पासवान ने किसानों से अपील की कि सरकार द्वारा अनुदानित दर पर मिलने वाले बीज को सीधे खेत में न बोएं। पहले उसका अंकुरण जांच जरूर करवा लें, ताकि बुवाई के बाद बीज न सड़े और किसानों को दोबारा

बुवाई का खर्च न उठाना पड़े। मौके पर ऐजनी पंचायत के मुखिया पंकज दास, सिहमा पंचायत के मुखिया रामप्रीत ठाकुर, किसान सलाहकार मुनील सिंह, किसान विजय कुमार उर्फ गुड्डू सिंह, विजय कुमार रजक, प्रदीप कुमार, अनिश कुमार, अमरेन्द्र कुमार, सुनील मेहता समेत विभिन्न पंचायतों से पहुंचे दर्जनों महिला-पुरुष किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में किसानों की समस्याएं भी सुनी गईं और कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में बताया गया।

गोरियामी प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लि.

प्रखंड अलौली, जिला-खगड़िया

नियुक्ति सूचना

पद- प्रबंधक (एक)-1 **योग्यता : आयु :** 18 से 45 वर्ष। **शिक्षा :** स्नातक डिग्री के साथ कम्प्यूटर Tally का अनुभव अनिवार्य। **आवेदन की अंतिम तिथि :** 11.11.2026 निर्धारित प्रपत्र में आवेदन अंतिम तिथि तक पैक्स कार्यालय में 10 बजे से 5 बजे तक जमा करें। **आयु की गणना** 11.11.2026 के आधार पर होगी। साक्षात्कार की तिथि योग्य अभ्यर्थियों को पृथक से सूचित की जायेगी।

ललित नारायण मंडल
अध्यक्ष
गोरियामी पैक्स अध्यक्ष

Affidavit

I, Lucky Peter S/o Upendra Paswan (Father) and Shanti Devi (Mother) R/o North Mandiri, Buddha Colony, P.S.-Buddha Colony, P.O.-G.P.O., Distt.-Patna-800001 Bihar do hereby declare that my father's name is wrongly/inadvertently recorded in my all passing certificates and Marksheets issued by C.B.S.E. Board New Delhi bearing Roll No. 2203739. as Sabastian Lawrence. My father's correct name is **Upendra Paswan.** Aff. No. 12139 dt. 06.10.26.

Affidavit

I, Dinesh Kumar S/o Late Suresh Chaudhary R/o Road No. OOB, Indrapuri, Patna, P.S.-Patliputra, P.O.-Keshari Nagar, Bihar 800024 do hereby declare as per aff. No. 7681 dated 01.08.26 that my daughter's name is mentioned in her School admission register as Chhabi Rani which is wrong. As per Aadhar card my daughter's correct name is Chhavi Rani. Both names are same and one person. From now she shall be known as Chhavi Rani for all purposes.

R. No.-932

दान में मिली जमीन पर महर्षि मेंही परम हंस जी महाराज का सत्संग सम्मेलन

बरौनी (आससे)। संत सद्गुरु महर्षि मेंहीं परम हंस जी महाराज आश्रम बनाने के लिए बारों मुंशी टोला में दी गई दान की जमीन पर गुरुवार की शाम सत्संग सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस मौके पर पधारे पूज्य गुरु शरण बाबा के सानिध्य में मौजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण बुद्धिजीवियों ने सतगुरु महाराज के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर सत्संगी सुभाष चंद्र चौधरी ने कहा कि स्थानीय स्व परमेश्वर यादव का पुत्र वीरेंद्र कुमार उर्फ वीर प्रकाश यादव ने महर्षि मेंही आश्रम निर्माण के लिए अपनी निजी भूमि दान में दिए हैं। यह समाज के लिए बड़ी उपलब्धि है।सामाजिक और धार्मिक कार्य के लिए भूमिदान करने पर उपस्थित लोगों ने उन्हें साधुवाद दिया। उक्त जमीन पर बोर्ड स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया।

आसनसोल मंडल में विकास संबंधी कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

आसनसोल मंडल के खाना-आसनसोल खंड में अंडाल में फुट ओवर ब्रिज स्थापित करने के साथ-साथ दुर्गापुर में आर्च ब्रिज नंबर 396ए को हटाने के लिए, **दिनांक 23.12.2026 (बुधवार)** को मेगा ट्रैफिक और पावर ब्लॉक आवश्यक होगा। इसके परिणामस्वरूप, निम्नलिखित निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:-

- **मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का निरस्तीकरण:** (1) 12023/12024 हावड़ा-पटना-हावड़ा जन शताब्दी एक्सप्रेस (दोनों के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (2) 22321/22322 हावड़ा - सिउड़ी - हावड़ा हूल एक्सप्रेस (दोनों के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (3) 22387 हावड़ा-धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (4)22388 धनबाद-हावड़ा ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22.12.2026); (5) 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 21.12.2026); (6) 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (7) 13151 कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 19.12 और 23.12.2026); (8) 13152 जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 21.12 और 25.12.2026); (9) 19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 21.12.2026); (10) 19607 कोलकाता-मदार जंक्शन एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 24.12.2026); (11) 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22.12.2026); (12) 12987 सियालदह - अजमेर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (13) 12319 कोलकाता-ग्वालियर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (14) 12320 ग्वालियर-कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 24.12.2026)।
- **एमईएमयू ट्रेनों का निरस्तीकरण :** (1) 63514, 63516, 63518, 63522 आसनसोल - बर्द्धमान एमईएमयू (सभी के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (2) 63550 अंडाल-बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (3) 63552 आसनसोल-अंडाल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (4) 63524 आसनसोल - बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (5) 63511, 63513, 63515, 63517, 63521, 63549 बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू (सभी के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (6) 63531 अंडाल-सांइथिया एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (7) 63530 रामपुरहाट-अंडाल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (8) 63533/63534 अंडाल - सांइथिया - अंडाल एमईएमयू (दोनों के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026)।
- **मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन:** 12317 **कोलकाता-अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) और 12318 **अमृतसर-कोलकाता अकाल तख्त एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.12.2026) को दोनों दिशाओं में खाना-आसनसोल-सीतारामपुर-झाझा-किऊल के बदले खाना-सांइथिया-रामपुरहाट-गुमानी-भागलपुर-किऊल होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। 15271 **हावड़ा - मुजफ्फरपुर जन साधारण एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) और 13105 **सियालदह - बलिया एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) को खाना - आसनसोल - सीतारामपुर - झाझा - किऊल के बदले खाना - सांइथिया - रामपुरहाट - गुमानी - भागलपुर - किऊल होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। 12381 **हावड़ा - नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) और 12382 **नई दिल्ली - हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.12.2026) को दोनों दिशाओं में खाना-आसनसोल-सीतारामपुर-प्रधानखुंटा-धनबाद-गया-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.के बदले खाना - सांइथिया - रामपुरहाट-गुमानी - भागलपुर - किऊल - गया - पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। 13042 **जम्मू तवी-हावड़ा हिमगिरी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 21.12.2026) को किऊल-झाझा-सीतारामपुर-आसनसोल-खाना के बदले किऊल-भागलपुर-गुमानी-रामपुरहाट-सांइथिया-खाना होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा।
- **एमईएमयू ट्रेनों की संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू:** 63509/63510 **बर्द्धमान - झाझा - बर्द्धमान एमईएमयू** (दोनों के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) आसनसोल स्टेशन से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी/आसनसोल स्टेशन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। 63519/63520 **बर्द्धमान-बोकारो स्टील सिटी-बर्द्धमान एमईएमयू** (दोनों के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) आसनसोल स्टेशन से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी/आसनसोल स्टेशन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय

बेगूसराय(आससे)। समाहरणालय के कारगिल भवन में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षा टास्क फोर्स समिति की बैठक में अलग-अलग समस्याओं को ले विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में विगत २४ सितंबर २०२६ को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई। इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुधारात्मक कार्य, राष्ट्रीय राजमार्गों से अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग पर रोक लगाने, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। सितंबर २०२६ में जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक एवं प्रवर्तन अवर निरीक्षक के स्तर से कुल ८५८ चालान किए गए, जिनसे

८५,१६,२३५ रुपये की शमन राशि वसूल की गई। वहीं, पुलिस प्रशासन द्वारा इसी अवधि में ६५,५८,५०० रुपये की शमन राशि वसूल की गई।

इस प्रकार सितंबर माह में दोनों विभागों द्वारा कुल १,५०,७४,७३५ रुपये की शमन राशि की वसूली की गई।

राजस्व संग्रह की समीक्षा के दौरान बताया गया कि सितंबर २०२६ में १,१२६ लाख रुपये के मासिक लक्ष्य के विरुद्ध १,१६५.४६ लाख रुपये की वसूली की गई, जो निर्धारित लक्ष्य का १०३.५० प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष २०२६-२७ में अब तक कुल वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध ४२ प्रतिशत राजस्व संग्रह किया जा चुका है।

एनएच-३१ फोरलेन पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष उपाय किये जायेंगे

बेगूसराय(आससे)। फोरलेन एचएच-३१ पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष उपाय किये जायेंगें। खबर के अनुसार जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बताया कि जिले में चिह्नित कुल ६६ दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट्स) पर किए जा रहे सुधारात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को लंबित कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा एनएच-३१ के सिमरिया-खगड़िया खंड में २१ दुर्घटना संभावित स्थलों सहित कुल ४० स्थलों पर रोड मार्किंग, जेब्रा क्रॉसिंग, गति सीमा संबंधी बोर्ड एवं चेतावनी संकेतक लगाने जैसे कार्य कराए जाने की जानकारी दी गई।

शपथ पत्र

मैं, बेदामी देवी (BEDAMI DEVI), पति-स्व० बाबुलाल (LATE BABULAL), ग्राम-शिबूटोल, पोस्ट-नवादा, थाना+अंचल-बछवाड़ा, जिला-बेगूसराय, बिहार, पिन कोड-८५११११ सत्य एवं निष्ठा के साथ शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ कि मेरा आधार सं०-४०६८ ८८९१ २६४६ है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम भूलवश (RAJIYA DEVI) एवं भूलवश मेरा जन्म तिथि ०१.०१.१९३८ दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पति के पेंशन बुक में मेरा नामBEDAMI DEVIएवं मेरा जन्म तिथि २८.०४.१९४५ दर्ज है, जो सही एवं वास्तविक है। मैंRAJIYA DEVIएवं BEDAMI DEVIये दोनों नाम का एक ही व्यक्ति मैं स्वयं हूं, मैं इन दोनों नाम से जानी व पहचानी जाती हूं। मेरा सही एवं वास्तविक जन्म तिथि २८.०४.१९४५ है, जिसका मैं उपयोग किया करती हूँ। शपथ पत्र सं.-१६१७३, दिनांक २३.१०.२०२६ है।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T15 Date- 22.10.2026

खुली ई-निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोतर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.स. 1:-** कार्य का नामः SRNK-KSJ, सेक्शन में 408/10-11 एवं BEM - UJH सेक्शन में 375/02/03/04 पर NHAI के ROB के निर्माण के सम्बंध में OHE में संशोधन। टेंडर रिफरेश नं. SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T15, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में: ₹23,33,055.06, धरोहर राशि रुपया में: ₹46,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में: शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 17.11.2026, 11:00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 माह,

खुली ई-निविदा दिनांक 17.11.2026 को 11.00 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in,** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-237 **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
पूर्व-सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना
स्टेशन मुख्यालय, (ईसीएचएस सेल),गया-823005, फोन : 0631-2950882/8544486902, ई-मेल : shqgaya@echs.gov.in

रोजगार सूचना

1. ईसीएचएस द्वारा **भागलपुर, सासाराम, मुंगेर और खगड़िया** में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक्स (वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान) के लिए, जिसे आवश्यकता और उम्मीदवारों की पात्रता और कार्यप्रदर्शन स्तर को पूरा करने के अधीन एक और वर्ष की अवधि के लिए नवीकृत किया जा सकता है, अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित स्टाफ की नियुक्ति हेतु सूचीबद्ध करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

आवश्यकताएँ	पात्रता	अपेक्षित मैनपावर की संख्या	निश्चित मासिक पारिश्रमिक
कार्यालय प्रभारी पॉलीक्लिनिक	केवल सेवानिवृत सेवा अधिकारी, भारतीय थल सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना, जो रक्षा बजट से **CDA** के माध्यम सेस पेंशन प्राप्त कर रहे हों।	01 पॉलीक्लिनिक सासाराम के लिए	रू.95,000/-
चिकित्सा अधिकारी	एमबीबीएस	01 पॉलीक्लिनिक भागलपुर के लिए	रू.95,000/-
नर्सिंग असिस्टेंट	GNM डिप्लोमा/क्लास-1 कोर्स (सशस्त्र बल)	01 पॉलीक्लिनिक मुंगेर के लिए	रू.36,500/-
चौकीदार	सशस्त्र बलों के कर्मियों के लिए कक्षा 8वीं या जीडी ट्रेड	01 पॉलीक्लिनिक सासाराम के लिए	रू.21,800/-
महिला परिचारिका	साक्षर	01 पॉलीक्लिनिक खगड़िया के लिए	रू.21,800/-

2. **नियम व शर्तें,** आवेदन पत्र, पारिश्रमिक के लिए, कृपया ईसीएचएस वेबसाइट **www.echs.gov.in** देखें। अधिक जानकारी के लिए, कृपया स्टेशन मुख्यालय (ईसीएचएस सेल), गया से टेलीफोन नंबर-0631 2950882,**8544486902** या 09:30 बजे से 14:00 बजे की बीच और ईमेल आईडी **shqgaya@echs.gov.in** पर संपर्क करें। भूतपूर्व सैनिकों एवं सेवाकर्मीयों की विधवायें को वरीयता दी जाएगी। **3. ईसीएचएस वेबसाइट पर दिए गए प्रारूप के अनुसार आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि।** अपेक्षित प्रारूप के अनुसार आवेदन, शैक्षिक योग्यता और कार्य अनुभव के समर्थन में प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के साथ **20-11-2026** को 14:00 बजे तक ओआईसी, स्टेशन मुख्यालय (ईसीएचएस सेल), गया को जमा किया जाना चाहिए। निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। 4. **साक्षात्कार की तिथि, समय और स्थान-** अल्पसूचीबद्ध किए गए उम्मीदवार (ई-मेल के माध्यम से सूचित) को **25-11-2026** को 10:30 बजे **स्टेशन मुख्यालय, गया** में 10:30 बजे से शुरू निर्धारित साक्षात्कार के लिए अवश्य पहुंचना चाहिए। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय 10 वीं/मैट्रिक, 10+2 और स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा/ पाठयक्रम के सभी मूल प्रमाण पत्र/अंकतालिका/डिग्री, कार्य अनुभव और डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, सेवा रिकॉर्ड और **02X** पीपी साइज के रंगीन फोटोग्राफ लाने होंगे। **कोई टीए/डीए देय नहीं है।** केवल पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं। 5. नियुक्ति करने वाले प्राधिकारी के पास विज्ञापित आवश्यकता को बढ़ाने या घटाने का अधिकार सुरक्षित है।